# **ग्रिड के छात्रों ने गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में शहर को गौरवान्वित किया**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांग जन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के बौद्धिक दिव्यांग छात्रों ने गोवा में 8 से 13 जनवरी, 2024 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में शहर का मान बढ़ाया। इस कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग व्यक्तियों के लिए राज्य आयुक्त कार्यालय एवं समाज कल्याण निदेशालय, गोवा के सहयोग और दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से किया गया था।

ग्रिड के छात्रों ने कुल दो प्रतियोगिताएं यूनिफाइड बैडमिंटन एवं नृत्य में भाग लिया था। यूनिफाइड बैडमिंटन के बालिका वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय की छात्रा वंदना ने अपनी यूनिफाइड जोड़ीदार ग्रिड कॉलेज की रामशरण अंजलि के साथ स्वर्ण पदक और बालक वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय के छात्र अजय ने अपने एकीकृत जोड़ीदार यक्षप के साथ रजत पदक जीता। वही नृत्य प्रतियोगिता के लोअर एबिलिटी बालिका वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय की याशिका ने स्वर्ण पदक एवं हायर एबिलिटी बालक वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय के साहबजीत सिंह खैरा ने रजत पदक प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट वैश्विक स्तर पर विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों के लिए विविधता समावेशिता और सशक्तिकरण का नमूना था। इसका उद्घाटन 8 जनवरी को पणजी के डीबी ग्राउंड में किया गया। गोवा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले क्रमशः मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि थे। भारतीय सिनेमा और फिल्म उद्योग की विभिन्न हस्तियों ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से कुल 8000 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

ग्रिड की संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की कार्यकारी प्रचार्या वंदना सिंह एवं संस्थान के सभी कर्मियों ने फेस्ट के विजेताओं को बधाइयां दी। ग्रिड की म्यूजिक टीचर आशिमा शर्मा और ग्रिड की स्पोर्ट्स कोच सह एरिया डायरेक्टर स्पेशल ओलंपिक, भारत चण्डीगढ़ शीतल नेगी ने क्रमशः नृत्य एवं यूनिफाइड बैडमिंटन को-ऑर्डिनेट किया।



गोवा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद पांडुरंग सावंत एवं  समाज कल्याण विभाग के मंत्री श्री सुभाष पहल देसाई के साथ एस ओ बी चंडीगढ़ के बैनर तले संस्थान के छात्रगण।




गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2024 में "आवारा भंवरे" और "बादल पे पाओ" गाने की आवाज देने वाली गायिका सुश्री हेमा सरदेसाई के साथ एस ओ बी चंडीगढ़ के बैनर तले संस्थान के छात्रगण।







यशिका और साहिब जीत अपने कोच सुश्री आशिमा एवं सुश्री शीतल के साथ अपने परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार प्राप्त करते हुए।



यूनिफाइड बैडमिंटन में परफॉर्मेंस करते हुए संस्थान के छात्र।

# ग्रिड के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में शहर को गौरवान्वित किया

**जीशान अंसारी, चंडीगढ़।** राजकीय बौद्धिक दिव्यांग जन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के बौद्धिक दिव्यांग छात्रों ने गोवा में 8 से 13 जनवरी, 2024 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट मैं शहर का मान बढ़ाया। इस कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग व्यक्तियों के लिए राज्य आयुक्त कार्यालय एवं समाज कल्याण निदेशालय, गोवा के सहयोग और दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से किया गया था। ग्रिड के छात्रों ने कुल दो प्रतियोगिताएं यूनिफाइड बैडमिंटन एवं नृत्य में भाग लिया था। यूनिफाइड बैडमिंटन के बालिका वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय की छात्रा वंदना ने अपनी यूनिफाइड जोड़ीदार ग्रिड कॉलेज की रामशरण अंजलि के साथ स्वर्ण पदक और बालक वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय के छात्र अजय ने अपने एकीकृत जोड़ीदार यक्षप के साथ रजत पदक जीता। वही नृत्य प्रतियोगिता के लोअर एबिलिटी बालिका वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय की याशिका ने स्वर्ण पदक एवं हायर एबिलिटी बालक वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय के साहबजीत सिंह खैरा ने रजत पदक प्राप्त किया।




# ग्रिड की वंदना, याशिका एवं रामशरण अंजलि ने गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में जीते गोल्ड




**दिव्यांग जगत @ चंडीगढ़।**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांग जन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के बौद्धिक दिव्यांग छात्रों ने गोवा में 8 से 13 जनवरी, 2024 तक आयोजित अंतराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट मैं शहर का मान बढ़ाया। इस कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग व्यक्तियों के लिए राज्य आयुक्त कार्यालय एवं समाज कल्याण निदेशालय, गोवा के सहयोग और दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से किया गया था।

ग्रिड के छात्रों ने कुल दो प्रतियोगिताएं यूनिफाइड बैडमिंटन एवं नृत्य में भाग लिया था। यूनिफाइड बैडमिंटन के बालिका वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय की छात्रा वंदना ने अपनी यूनिफाइड जोड़ीदार ग्रिड कॉलेज की रामशरण अंजलि के साथ स्वर्ण पदक और बालक वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय के छात्र अजय ने अपने एकीकृत जोड़ीदार यक्षप के साथ रजत पदक जीता। वही नृत्य प्रतियोगिता के लोअर एबिलिटी बालिका वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय की याशिका ने स्वर्ण पदक एवं हायर एबिलिटी बालक वर्ग में ग्रिड विशेष विद्यालय के साहबजीत सिंह खैरा ने रजत पदक प्राप्त किया। ग्रिड की संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की कार्यकारी प्रचार्या वंदना सिंह एवं संस्थान के सभी कर्मियों ने फेस्ट के विजेताओं को बधाइयां दी।

अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट वैश्विक स्तर पर विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों के लिए विविधता समावेशिता और सशक्तिकरण का नमूना था। इसका उद्घाटन 8 जनवरी को पणजी के डीबी ग्राउंड में किया गया। गोवा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले क्रमशः मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि थे। भारतीय सिनेमा और फिल्म उद्योग की विभिन्न हस्तियों ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से कुल 8000 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

ग्रिड की म्यूजिक टीचर आशिमा शर्मा और ग्रिड की स्पोर्ट्स कोच सह एरिया डायरेक्टर स्पेशल ओलंपिक, भारत चण्डीगढ़ शीतल नेगी ने क्रमशः नृत्य एवं यूनिफाइड बैडमिंटन को-ऑर्डिनेट किया।